तेरा ये सवाली | Rajni Sharma

सुनता हूँ तेरे दर पे जो हार कर आया है
उसको तू अपनाया है
ये ही सोच कर के मैं भी दर पे डेरा डाला है
एक नज़र डाल दे कृपा की
श्याम एक नज़र डाल दे कृपा की
आया दीवाना झोली पसारा है

भरदो बाबा झोली खाली
तेरे दर आया बाबा तेरा ये सवाली
बंद किस्मत की बन जाओ ताली
तेरे दर आया बाबा तेरा ये सवाली

हारे के साथी हो कहता ज़माना
बन एक भिखारी आया तेरा दीवाना
आशा की मन में ज्योत जगा ली
तेरे दर आया बाबा तेरा ये सवाली

पतझड़ सा जीवन श्याम बिन तुम्हारे
सूनी बगिया में लाओ बहारें
बगिया की मेरे बन जाओ माली
तेरे दर आया बाबा तेरा ये सवाली

अर्ज़ी स्वीकार कर दो श्याम खाटूवाले
रजनी कहे भक्तों के तुम रखवाले
हर एक मुसीबत तुमने है टाली
तेरे दर आया बाबा तेरा ये सवाली

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-rajni-sharma/